भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक

अंतरराष्ट्रीय संस्था खाद्य और कृषि संगठन (एफ ए ओ) द्वारा तैयार आंकड़ो के अनुसार, भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है। 2020 में दुनिया के दूध उत्पादन में भारत का योगदान 21 प्रतिशत था।

2000 में भारत का दूध उत्पादन करीब 8 करोड़ टन था जो 2020 में करीब 18.4 करोड़ टन हो गया। इन 20 सालों में भारत का दूध उत्पादन करीब 130 प्रतिशत या 10.4 करोड़ टन बढ़ा।

भारत के बाद, 2020 में संयुक्त राज्य अमेरिका दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा दूध उत्पादक था जिसका दुनिया के कुल उत्पादन में 11 प्रतिशत हिस्सा था जो करीब 10.1 करोड़ टन था।

अगर पूरी दुनिया की बात करें तो दूध का उत्पादन 2000 से 2020 तक 30.7 करोड़ टन बढ़ा। 2020 में दुनिया की दूध की कुल पैदावार 88.7 करोड़ टन थी।